# गतिशक्ति पोर्टल के उपयोग के निर्देश

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा है कि किसी प्रोजेक्ट पर निर्णय लेने, योजना बनाने व उसे लागू करने में पीएम गतिशक्ति पोर्टल का प्रयोग किया जाए। पोर्टल पर विभाग का डाटा सटीक और पूर्ण होना चाहिए।

मुख्य सचिव ने शुक्रवार को इस योजना की समीक्षा में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिलों में योजना की बेहतर प्लानिंग और क्रियान्वयन के लिए तैयार कराए गए जनपदवार पोर्टल का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए।